हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 11 नवंबर 2026

11 कालांवाली में होगी यूथ मैराथन सीएम नायब होंगे मुख्यातिथि



12 श्री श्याम मंदिर में 90 क्विंटल का महाभंडारा



खबर संक्षेप

जुआ खेलते 15 गिरफ्तार 1.11 लाख की राशि बरामद

फतेहाबाद। जुआरियों पर नकेल कसते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव धांगड़ और चिंदड़ में दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए जुआ खेल रहे 15 व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल एक लाख 11 हजार 300 रुपये की नकदी बरामद की है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित ने बताया कि पुलिस चौकी बड़ोपल की टीम उपनिरीक्षक सुरेश कुमार के नेतृत्व में गांव चिंदड़ क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

80 नशीली गोलियों सहित एक युवक को दबोचा

फतेहाबाद। एंटी नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद की टीम ने रतिया तहसील के गांव नागपुर में मुस्तैदी दिखाते हुए एक युवक को 80 प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पवन कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव नागपुर के रूप में हुई है। एएनसी फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि एएसआई भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के सिलसिले में गांव नागपुर बस अड्डे के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई।

हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। रतिया पुलिस ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए गांव लाली के पास बड़ी नहर रोड से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को 6.25 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान महेंद्र सिंह पुत्र रमेश कुमार तथा दर्शन पुत्र करतार सिंह निवासी गांव जाखन दादी, तहसील रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया के प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीण ने बताया किएएसआई बुधराम के नेतृत्व में पुलिस टीम बड़ी नहर रोड से गांव लाली की ओर गश्त व संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी।

बंधक बनाकर मारपीट करने के दो आरोपी काबू

डबवाली। पुलिस ने अपहरण कर चोट पहुंचाने के मामले में नामजद दो आरोपियों लखवीर सिंह व गुरमीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता आंनद कुमार ने बताया कि 8 नवंबर को थाना शहर डबवाली में दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाए कि 7 नवंबर को आरोपियों ने उसके नाबालिग पुत्र और उसके दो नाबालिग भतीजों का अपहरण कर अपने घर में बंधक बनाकर मारपीट की। शिकायतकर्ता के बयान व एमएलआर रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ थाना शहर डबवाली में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान उप निरीक्षक सिंह ने अपनी टीम सहित घटनास्थल से जुटाए गए।

स्मॉग की चादर में लिपटा शहर, लोगों की आखों में हो रही जलन

फतेहाबाद में दिवाली के बाद हवा हुई जहरीली, एक्यूआई 386 के पार पहुंचा

- शहर में मार्निंग वॉक करने से बचें, बच्चे व बूढ़ों का भी घर से निकलना खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

दिवाली के बाद जिले की आबोहवा बेहद खराब और जहरीली हो गई है। हवा में प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक सीमा लांघ रहा है, जिससे आमजन के लिए सांस लेना भी दूभर हो गया है। मंगलवार को फतेहाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्तर तक बढ़ते हुए 386 के पार पहुंच गया। आसमान में सुबह से ही धुएं और धूल की मोटी परत छाई रही, जबकि सडक़ों पर दूर-दूर तक धुंध जैसा घना स्मॉग दिखाई दिया। जहरीली हवा के चलते लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश, लगातार खांसी और सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दीपावली के अगले दिन भी फूटे पटाखे

दीपावली का त्योहार बीत जाने के अगले दिन भी लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े। सोमवार रात को भी कई क्षेत्रों में हुई आतिशबाजी के कारण वातावरण में बारूद का धुआं भर गया, जिसने हवा की गुणवत्ता को और ज्यादा बिगाड़ दिया। सांस संबंधी दिक्कतों और आंखों में तेज जलन की शिकायतें लेकर लोग नागरिक अस्पताल व निजी क्लिनिकों में पहुंच रहे हैं। सुबह के वक्त सैर पर निकलने वाले लोगों को भी इस प्रदूषित हवा के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोगों ने आंखों में पानी आने तथा जलन की शिकायत की।



फतेहाबाद। शहर में दोपहर 11:30 बजे आसमान में छाया स्मॉग।

सतर्क रहें, मास्क पहनकर ही निकलें बाहर

प्रदूषण के इस खतरनाक स्तर का सबसे अधिक प्रतिकूल असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस व हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों पर पड़ सकता है। नागरिक अस्पताल के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. मनीष टुटेजा का कहना है कि वायु प्रदूषण अत्यधिक होने के कारण लोग सुबह और देर शाम खुले में सैर करने से परहेज करें। अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और बाहर जाते समय गुणवत्तापूर्ण मास्क का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करें। आंखों में जलन या पानी आने पर उन्हें बार-बार साफ पानी से धोएं। यदि सांस लेने में अधिक परेशानी या सीने में जकडऩ महसूस हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

पराली जलाने के मामले बढ़े, 10 घटनाएं सामने

पटाखों के जहरीले धुएं के साथ-साथ क्षेत्र में धीरे-धीरे पराली जलाने के मामले भी बढऩे लगे हैं, जिसने हवा में जहर घोलने का काम किया है। जिले में अब तक



जमीन के रकबे के हिसाब से 5 से 30 हजार रुपये तक जुर्माना

पराली जलाने पर कार्रवाई के लिए जारी प्रशासनिक आदेशों और लागू नियमों के तहत जमीन के रकबे के अनुसार जुर्माने का प्रावधान है। इसके अनुसार दो एकड़ तक जमीन पर पराली जलाने पर 5 हजार रुपये, दो से पांच एकड़ तक 10 हजार रुपये और पांच एकड़ से अधिक जमीन पर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा नियमानुसार राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री और अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। किसानों से अपील है कि वे पराली को आग लगाने के बजाय आधुनिक कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें। इससे न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी। किसान स्वयं पराली न जलाएं और दूसरे किसानों को भी इसके लिए जागरूक करें।

-डॉ. विनोद कुमार फोगाट, डीडीए फतेहाबाद

पराली जलाने के 10 मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से पराली जलाने पर पूर्ण रोक लगाने और सख्त निगरानी के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद खेतों में फसल अवशेषों को आग लगाने की घटनाएं सामने आ रही हैं।



सिरसा। सिरसा में छाया धूल का गुबार। फोटो: हरिभूमि

धुंए के गुबार से घिरा सिरसा

एयर क्वालिटी का स्तर गंभीर स्थिति में पहुंचा

- दमा-सांस व नेत्र रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

दीपावली के त्यौहार पर की गई आतिशबाजी का दुष्प्रभाव सिरसा में देखने को मिला। सिरसा के आसमान पर धुंए के बादलों ने चादर-सी तान दी। वातावरण में धूल और धुंआ महसूस हुआ। लोगों को सांस लेने में दिक्कत आई, जबकि आंखों में जलन भी महसूस हुई। दरअसल, लोगों ने दिवाली पर तो जोरदार आतिशबाजी की ही, अगले दिन भी बढ़चढक़र पटाखे चलाए। जिसके कारण पटाखों का धुंआ हवा में फैल गया। ऊपरी स्तर पर ठंठक की वजह से धुंआ नीचे की ओर आ गया। आसमान में धुंआ बना रहा और सूर्य की रोशनी नीचे नहीं आ सकी। मौसम विभाग के अनुसार सिरसा की एयर क्वालिटी 289 बताई गई। जबकि 51 से 100 तक का स्तर संतोषजनक बताया जाता है। इससे अधिक को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाता है। जबकि 7 नवंबर को 195, 8 नवंबर को 383 और 9 नवंबर को 343 एक्यूआई बताया गया। बताया जाता है कि 8 नवंबर के मुकाबले प्रदूषण में कमी बताई गई है, जबकि हवा खराब बनी हुई है। उधर, बढ़ते प्रदूषण की वजह आतिशबाजी के अलावा पराली जलाना भी बताया जा रहा है। शासन-प्रशासन की निगरानी और अनेक उपाय करने के बावजूद अनेक लोगों द्वारा पराली जलाई गई, जिससे धुंए का स्तर बढ़ गया।

आंखों में जलन और दम घुटने की शिकायत बढ़ी

बढ़ते प्रदूषण का असर दमा व सांस के रोगियों पर अधिक पड़ा। उन्हें सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई। दम घुटने की शिकायत लेकर अनेक रोगी अस्पताल पहुंचे। जबकि लोगों ने आंखों में जलन भी महसूस की। लोगों को नाक पर मास्क लगाए देखा गया। सिरसा के मंडी क्षेत्र में रहने वालों द्वारा एतियात के तौर पर मास्क पहना जाता है।

मारपीट व जातिसूचक अपशब्द कहने पर तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- गांव भोडिय़ाखेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट

थाना सदर टोहाना पुलिस ने उपमंडल के गांव भोडिय़ाखेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट करने, जातिसूचक अपशब्द कहने तथा जान से मारने की धमकी देने के गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जगराज सिंह पुत्र मेजर सिंह, किंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह तथा गुरप्रीत सिंह पुत्र इंद्र सिंह निवासी गांव भोडिय़ाखेड़ा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

डीएसपी टोहाना जयभगवान ने बताया कि इस संबंध में गांव भोडिय़ाखेड़ा निवासी सतपाल सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसका आरोपियों के साथ काफी समय से विवाद चल रहा था, जिसके संबंध में वर्ष 2024 में भी मामला दर्ज करवाया गया था। इसी मुकदमे के सिलसिले में गत 18 सितंबर 2026 को वह अपने भाइयों के साथ फतेहाबाद न्यायालय में गवाही देने गया था, जहां आरोपियों द्वारा उसे कथित तौर पर देख लेने की धमकी दी गई थी।

जान से मारने की धमकियां भी दीं

पीड़ित सतपाल ने बताया कि गवाही देने के बाद उसी दिन जब वह अपनी माता और अन्य परिजनों के साथ गाड़ी में सवार होकर गांव अमानी जा रहा था, तो गांव भोडियाखेड़ा में एससी चौपाल के पास आरोपियों ने अपनी स्कूटी आगे लगाकर उसकी गाड़ी रुकवा ली। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और बीच-बचाव करने आई उसकी माता के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए चोटें पहुंचाईं। आरोपियों पर आरोप है कि इस दौरान उन्होंने जातिसूचक अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकियां भी दीं। डीएसपी जयभगवान ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना सदर टोहाना में 21 सितंबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की जांच करते हुए पुलिस टीम ने नामजद तीनों आरोपियों जगराज सिंह, किंदर सिंह और गुरप्रीत सिंह को काबू कर लिया है।

फतेहाबाद के धांगड़ में टूटी डिस्ट्रीब्यूटरी नहर 20 एकड़ फसल जलमग्न, किसानों में रोष

- कई एकड़ में हाल ही में की गई गेहूं की बिजाई पानी में डूब गई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नेशनल हाइवे स्थित गांव धांगड़ में ढाणी माजरा रोड पर गुजर रही डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में मंगलवार अलसुबह अचानक दरार आ गई। नहर टूटने से पानी तेजी से आसपास के खेतों में भर गया, जिससे करीब 20 एकड़ भूमि पूरी तरह जलमग्न हो गई। इस घटना के चलते कई एकड़ में हाल ही में की गई गेहूं की बिजाई पानी में डूब गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों में इस बात को लेकर खासा रोष देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव धांगड़ से ढाणी माजरा की ओर जाने वाले रास्ते पर बनी छोटी नहर में मंगलवार तडक़े करीब 3 बजे अचानक दरार पड़ गई। सुबह के समय जब किसान अपने खेतों की तरफ पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि पानी खेतों में फैल चुका है और आसपास के तमाम खेत लबालब पानी से भर चुके हैं। किसानों ने बताया कि धान की कटाई के बाद कुछ खेत खाली पड़े थे, जबकि कई किसानों ने उनमें गेहूं की नई बिजाई कर दी थी। अचानक पानी भरने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया।



फतेहाबाद। गांव धांगड़ के पास टूटी नहर। फोटो: हरिभूमि

कड़ी मशक्कत से पाया काबू

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौके पर एकत्र हो गए। इसके साथ ही नहरी विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। विभाग और ग्रामीणों के सहयोग से राहत कार्य शुरू किया गया और कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर तक टूटी हुई नहर को पाट दिया गया। नहर बंद होने के बाद प्रशासन और किसानों ने राहत की सांस ली, लेकिन जलभराव के कारण किसानों को हुए नुकसान से उनमें चिंता बनी हुई है।

बच्चों के लिए मिठाई-पटाखे लाया था कुलदीप, अगले दिन छीन ली जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

- गांव नहराना के पास हुए हादसे में जान गवाने वालों में कुलदीप भी शामिल

गांव नहराना के पास सोमवार देर रात करीब एक बजे हुए भीषण सडक़ हादसे में जान गंवाने वाले तीन युवकों में ढाणी गोपाल निवासी 28 वर्षीय कुलदीप सिंह भी शामिल था। भट्टू की ओर से आ रही टियागो कार सडक़ किनारे खड़ी तूड़े से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुलदीप की मौत ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। वह घर में कमाने वाला इकलौता व्यक्ति था। उसका बड़ा भाई संदीप जन्म से पोलियो ग्रस्त होने के कारण दिव्यांग है। पिता ओमप्रकाश और मां इंदिरा देवी खेतीहर मजदूरी करते हैं। दोनों हिस्से पर जमीन लेकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। करीब छह साल पहले कुलदीप की शादी सीमा देवी से हुई थी। उसके दो बेटे 5 साल का हार्दिक और 3 वर्षीय आशीष हैं, जिन्हें अब पिता का प्यार नसीब नहीं होगा। परिवार के लिए यह हादसा इसलिए भी असहनीय है कि दिवाली पर कुलदीप घर आया था। उसने अपने दोनों बेटों के लिए मिठाई और पटाखे खरीदे थे और परिवार के साथ खुशियां मनाई थीं। अगले ही दिन वह बायो एनर्जी प्लांट में नौकरी पर चला गया, लेकिन किसे पता था कि वह कभी लौटकर नहीं आएगा। समाचार लिखे जाने तक कुलदीप का शव गांव नहीं पहुंचा था। परिजन और ग्रामीण उसके अंतिम दर्शन के इंतजार में थे।



भूना। कुलदीप सिंह का अपनी पत्नी सीमा देवी के साथ का फाइल फोटो।

बेकरी विक्रेता से लूटपाट और मारपीट करने पर दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

रतिया पुल के पास बेकरी का सामान बेचने वाले एक व्यक्ति का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करने और जबरन नकदी छीनने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजेंद्र उर्फ जिंदी पुत्र गुरदेव सिंह निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला तथा प्रमोद उर्फ मोदी पुत्र सुभाष निवासी कीर्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीनी गई रकम में से दो हजार रुपये की नकदी और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद कर ली है।

- आरोपियों के कब्जे से छीनी गई रकम में से दो हजार रुपये की नकदी बरामद की

रास्ते में आगे स्कूटी अड़ाई

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मूल रूप से गांव अयाल्की निवासी और वर्तमान में फतेहाबाद की नहर कॉलोनी में रह रहे मनोज बंसल ने पुलिस को शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि वह स्कूटी पर घूम-घूमकर बेकरी का सामान बेचने का काम करता है। गत 6 नवंबर की शाम करीब 7 बजे जब वह नेशनल हाईवे-9 से रतिया पुल की ओर जा रहा था, तो सर्विस रोड पर स्कूटी सवार दो युवकों ने उसकी स्कूटी के आगे अपनी स्कूटी अड़ाकर उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि दोनों युवकों ने ईंट से हमला करने की धमकी देते हुए उसके साथ हाथापाई और मारपीट की तथा जबरन उसकी जेब से करीब 3 हजार रुपये नकद निकाल लिए।

समस्या — रखरखाव के अभाव में परिसर में चारों तरफ असुरक्षित माहौल

भट्टू कलां बस स्टैंड बना 'जंगल सफारी', चारों तरफ फैली झाड़ियां और अंधेरा, यात्रियों में डर का माहौल

- सुनसान माहौल का फायदा उठा सकते हैं असामाजिक तत्व, घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

भट्टू कलां बस स्टैंड की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लगाए गए पौधे अब रखरखाव के अभाव में यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। आलम यह है कि बस स्टैंड परिसर में चारों तरफ उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियां और खरपतवार को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो यह कोई बस स्टैंड नहीं बल्कि कोई जंगल सफारी हो। बदहाली और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण यहां आने वाले यात्रियों में लगातार डर का माहौल बना हुआ है। स्थिति यह है कि दिन के समय भी परिसर में फैली झाडिय़ों के कारण अजीब और असुरक्षित माहौल दिखाई देता है। वहीं, शाम ढलते ही स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। बस स्टैंड के मुख्य द्वार पर पर्याप्त रोशनी की कोई व्यवस्था न होने के कारण चारों तरफ अंधेरा छा जाता है। देर शाम बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों और बाहर से आने-जाने वाली सवारियों को यहां खड़े होने से डर सताने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुनसान माहौल और अंधेरे का फायदा असामाजिक तत्व भी उठा सकते हैं, जिससे किसी बड़ी घटना की आशंका बनी रहती है।



भट्टू कलां। बस स्टैण्ड पर उगी झाडियां। फोटो: हरिभूमि

अब कोहरे में और भी बढ़ेगी परेशानी

अब जल्द ही सर्दी का मौसम और धुंध का दौर शुरू होने वाला है। आने वाले दिनों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी और कम हो जाएगी। ऐसे में झाडिय़ों और अंधेरे से घिरे इस बस स्टैंड पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लाजिमी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस गंभीर समस्या से संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद सफाई और लाइट की व्यवस्था को लेकर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

बिना योजना के लगाए गए पौधे बन रहे बाधा

इसके अलावा बस स्टैंड परिसर में बिना किसी उचित योजना के लगाए गए पेड़ों और पौधों की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भविष्य में किसी भी विकास या निर्माण कार्य के दौरान ये बेतरतीब पौधे बड़ी बाधा बन सकते हैं। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन से जोरदार मांग की है कि बस स्टैंड परिसर से तुरंत खरपतवार व झाडिय़ों की सफाई करवाई जाए, मुख्य द्वार सहित पूरे परिसर में उचित लाइटें लगाई जाएं और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



सिक्योरिटी थ्रेट भी नहीं रोक पाया बिग बी का संडे ट्रेडिशन

मुंबई। सिक्योरिटी थ्रेट और खराब सेहत से जुड़ी खबरों के बीच बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपना वर्षों पुराना संडे ट्रेडिशन जारी रखा। रविवार शाम अभिनेता अपने जुहू स्थित बंगले 'जलसा' के बाहर पहुंचे और वहां मौजूद प्रशंसकों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। हर रविवार की तरह इस बार भी शाम करीब 5:30 बजे अमिताभ बच्चन अपने घर से बाहर निकले। हालांकि, इस बार उनके बाहर आने का अंदाज पिछले सप्ताह से अलग रहा। पिछले रविवार जहां बिग बी सुरक्षा कारणों से बुलेटप्रूफ फ्रेम के पीछे नजर आए थे, वहीं इस बार वह बिना किसी बुलेटप्रूफ फ्रेम के प्रशंसकों के सामने आए।

लाइफ Style

अनीत

अहान के परिवार के साथ मनाई दिवाली

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने इस बार अपने को-एक्टर अहान पांडे के परिवार के साथ दिवाली मनाई। अहान की मां डीन पांडे ने इस सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाले अहान पांडे अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

फिल्म की रिलीज के बाद से ही अहान अपनी को-स्टार अनीत पड्डा के साथ अपनी खास बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले दिनों अनीत ने अहान पांडे और उनके परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया था और अब दिवाली भी उन्होंने पांडे फैमिली के साथ ही सेलिब्रेट की। अहान पांडे की मां डीन पांडे ने सोशल मीडिया पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। ये तस्वीर अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। अनीत पड्डा अक्सर अहान पांडे के परिवार के साथ नजर आती रहती हैं और अब दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान भी वह पांडे परिवार के साथ नजर आईं। डीन पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलकियां साझा की हैं, जिसमें उनके साथ अनीत भी पोज देती दिखीं। एक सेल्फी में जहां अनीत सिर पर दुपट्टा ओढ़े मुस्कुराती नजर आ रही हैं, जबकि डीन ने पाउट बना रखा है। वहीं एक अन्य तस्वीर में गुलाबी रंग का सूट पहने अनीत, डीन और अन्य महिलाओं के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। पिछले दिनों अनीत पड्डा अहान की बहन अलाना पांडे के बेबी शावर में भी शामिल हुई थीं, जहां पांडे परिवार के सदस्यों के साथ उनकी जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिली।




हॉलीवुड मसाला



जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर्स का


स्क्रीन टेस्ट

नई दिल्ली। जेम्स बॉन्ड की अगली कड़ी में डेनियल क्रेग की जगह लेने के लिए 5 हॉलीवुड एक्टर्स ने स्क्रीन टेस्ट दिया है। उनमें रॉबर्ट पैटिनसन, निकोलस हॉल्ट), जैक लोडेन, जोश ऑ कॉर्नर और कैलम टर्नर का नाम शामिल हैं। निर्माताओं की मानें तो जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए इन्हीं पांच अभिनेताओं में से एक को चुना जा सकता है। 007 को पसंद करने वाले कई इंडियन फैंस का ये भी मानना है कि जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे ऋतिक रोशन को भी एमआई6 एजेंट बनाने पर विचार कर सकते हैं।



विदेश में भी नही भूलीं भारतीय संस्कृति...

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा ने भी बाकी सेलेब्स की तरह ही दिवाली मनाई। पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ एक्ट्रेस ने दिवाली की ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं। विदेश में भी वो अपनी भारतीय संस्कृति को नहीं भूली हैं। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आयोजित एक पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति निक जोनस और अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने बरगंडी और सुनहरे रंग का स्ट्रैपलेस गाउन पहना था, जिस पर जरदोजी, मोतियों का काम और सुनहरे धागों की कढ़ाई की गई थी।



सोनू के बेटे निवान ने किया म्यूजिक डेब्यू

मुंबई। सोनू निगम के बेटे निवान भी अब म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने की तैयारी में जुट गए हैं और ये गुड न्यूज खुद सोनू निगम ने शेयर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनके 19 साल के बेटे ने 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक डेब्यू किया है। दिवाली पर सोनू निगम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है। सोनू निगम ने अपने हालिया पोस्ट में बताया है कि उनके 19 साल के बेटे निवान ने उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक की दुनिया में कदम रख दिए हैं। इस फिल्म में निवान ने म्यूजिक दिया है, जिसे लेकर सिंगर बेहद खुश हैं। सोनू निगम ने अपनी पत्नी मधुरिमा निगम के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए ये खुशखबरी शेयर की और निवान में पिछले कुछ सालों में आए बदलावों के बारे में भी बताया।



वर्ल्डवाइड 5 दिन में कमाए 663.90 करोड़ ...

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायणः पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। रिलीज के पांच दिनों के भीतर ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 663.90 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दिवाली के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इसने किसी भारतीय फिल्म द्वारा पहले सोमवार को की गई सबसे बड़ी कमाई का नया रिकॉर्ड बनाया है और रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' की सोमवार की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया है। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार शुरुआत के बाद फिल्म की कमाई सोमवार को कम होने के बजाय और बढ़ गई है। 'रामायण' ने सिनेमाघरों में अपने पांचवें दिन 23,911 शोज के जरिए 107.50 करोड़ रुपए (नेट) की कमाई की।

टीवी मसाला



कॉफी विद करण 9 में सिद्धार्थ कियारा ने खोले कई राज

नई दिल्ली। बॉलीवुड के पावर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। वजह है करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9', जहां दोनों अगले एपिसोड में एक साथ दिखने वाले हैं। शादी के बंधन में बंधने और अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के अनाउंसमेंट के बाद यह इस जोड़ी का पहला ऑन-स्क्रीन टीवी अपीयरेंस है। सामने आए वीडियो में प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने पहली बार किसी टॉक शो में बतौर पेरेंट्स-टू-बी एक साथ खुलकर अपने दिल की बात रखी है। सबसे पहले कियारा आडवाणी बताती दिखीं कि उनकी शादी में करण जौहर ने किस गाने में डांस किया था। वो बताती हैं कि शाहिद ने सोचा कि तुम्हे कंपनी देंगे और तुमने उसे धक्का मार कर वहां से हटा दिया। जिसके बाद करण जौहर अपना चेहरा छिपाते हुए दिखे। रोल प्ले को लेकर सिद्धार्थ ने कहा कि हम अपना काम घर पर नहीं लाते हैं। खासकर बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं लाते। प्रोमो की शुरुआत से ही कियारा का स्टनिंग लुक और उनका ग्रेसफुल अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रेग्नेंसी के फेज में कियारा का यह ग्लैमरस अवतार फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। शो के दौरान दोनों ने अपनी शादी की कुछ अनसुनी यादें ताजा कीं। और एक-दूसरे के छोटे-छोटे सीक्रेट्स सबके सामने रखे। सोशल मीडिया पर यह प्रोमो आते ही ट्रेंड करने लगा है। और दर्शक इस पूरे एपिसोड के टेलीकास्ट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कप्तानी टास्क के दौरान हाथापाई!

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ हंगामा बढ़ता ही जा रहा है। कप्तानी टास्क के दौरान घर के दो मजबूत कंटेस्टेंट्स स्काउट और यंग डीएसए के बीच तीखी बहस के बाद हाथापाई और धक्का-मुक्की होने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कप्तानी टास्क के दूसरे राउंड में उदिति रोबोट चेयर पर बैठी थीं। टीम-ए का मकसद उदिति को रुलाना था। उदिति को इमोशनल करने के लिए स्काउट ने उनकी पारिवारिक तस्वीर के कोने को हल्का सा जला दिया। इस टास्क के दौरान गुल्लू और यंग लगातार स्काउट के परफॉर्मेंस के बीच में आ रहे थे और कमेंट्स कर रहे थे।. स्काउट ने दोनों को बार-बार दूर रहने की चेतावनी दी, लेकिन यंग ने कमेंट करना बंद नहीं किया।




भाई-बहन के प्यार का खूबसूरत गीत, 41 साल पहले बेबी लता ने गाया था 'भैया दूज सुहानी'

नई दिल्ली। दिवाली का त्योहार खत्म होने के बाद अब भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज मनाया जाएगा। इस खास दिन पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई-बहन के इसी खूबसूरत रिश्ते को भारतीय सिनेमा ने भी कई गीतों के जरिए पर्दे पर उतारा है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है, जो आज से 41 साल पहले रिलीज हुआ था और आज भी भैया दूज के मौके पर याद किया जाता है।

1983 में आई थी फिल्म नवरात्रि

भैया दूज के महत्व और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने वाला यह गाना साल 1983 में आई फिल्म नवरात्रि का है। 'भैया दूज सुहानी' बोल वाले इस गीत में त्योहार की परंपराओं और उससे जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। इस गाने को अपनी सुरीली आवाज देने वाली गायिका हेमलता हैं। दिलचस्प बात यह है कि हेमलता को हिंदी सिनेमा में 'बेबी लता' के नाम से भी पहचाना जाता है। दरअसल, उनकी आवाज में स्वर कोकिला लता मंगेशकर जैसी समानता महसूस की जाती थी। यही वजह रही कि कई लोग उनकी गायिकी को लता जी की आवाज से जोड़कर देखते थे। फिल्म 'नवरात्रि' का यह गीत भी हेमलता की मधुर आवाज की वजह से श्रोताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा।



रवींद्र ने लिखे थे खूबसूरत बोल : इस सदाबहार गीत को यादगार बनाने में संगीतकार और गीतकार रवींद्र जैन की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने ही 'भैया दूज सुहानी' के बोल लिखने के साथ इसकी धुन भी तैयार की थी। हेमलता की आवाज और रवींद्र जैन के संगीत का यह मेल गीत को एक अलग पहचान देता है। रिलीज के 43 साल बाद भी यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भैया दूज की परंपरा को याद दिलाता है।

लोकधुन और त्योहार की परंपरा का सुंदर मेल

'भैया दूज सुहानी' की खासियत सिर्फ इसके बोल या गायिकी तक सीमित नहीं है। इस गीत में भैया दूज से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं, पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकसंगीत की झलक भी देखने-सुनने को मिलती है। इसकी धुन और शब्द त्योहार के पारंपरिक रंग को जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि इसे महज एक फिल्मी गाना नहीं, बल्कि भैया दूज की भावना से जुड़ा पारंपरिक गीत भी माना जाता है।

कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी में कफ्तान पहनकर पहुंचीं बेबो

नई दिल्ली। सोनी राजदान ने हाल ही में कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी की झलक शेयर की, जिसमें पूरा परिवार साथ-साथ दिवाली सेलिब्रेट करता दिखा। लेकिन, हर किसी की निगाहें करीना कपूर के लुक पर ठहर गईं, जो दिवाली पार्टी पर एक नया ही अवतार फ्लॉन्ट करती दिखीं। दिवाली पर बॉलीवुड सेलेब्स के एक से बढ़कर एक लुक देखने को मिले। आलिया भट्ट ने जहां पिस्ता ग्रीन लहंगे में सुर्खियां बटोरीं तो वहीं श्रद्धा कपूर ने बटरी येलो अनारकली सूट में अपनी सादगी से सबके दिल जीत लिए। अब करीना कपूर ने भी अपने दिवाली लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और अपने अलग अंदाज से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। करीना कपूर खान पिछली रात कपूर खानदान की दिवाली पार्टी में शामिल हुईं, जहां पूरा परिवार साथ-साथ मौजूद था। इस दिवाली पार्टी के लिए करीना ने साड़ी, लहंगा या सूट नहीं, कफ्तान पहना था और अपने लुक को उन्होंने पगड़ी से कम्प्लीट किया, लेकिन सबकी नजरें पगड़ी पर लगे कलगी पर टिक गईं। करीना कपूर अपने परिवार के दिवाली सेलिब्रेशन में बेहद खास अंदाज में पहुंचीं। उनका ये फेस्टिव लुक रिया कपूर ने तैयार किया था। करीना ने ट्रेडिशनल आउटफिट की जगह कुछ अलग चुना और पुनीत बलाना का बेज कलर का कफ्तान पहना, जिस पर चांदी के धागों से बेहद खूबसूरत जाल नुमा कढ़ाई की गई थी। करीना ने इसके साथ मैचिंग पगड़ी पहनी थी, जिस पर चमचमाती कलगी लगी थी। 'डाइट सब्या' के अनुसार, पटौदी खानदान में इस कलगी का बेहद खास महत्व है, ये सीधे तौर पर सैफ अली खान के परिवार की विरासत से जुड़ी है। अभिनेता ने ये कलगी अपनी शादी में भी पहनी थी। करीना ने अपने लुक को गोल्ड चोकर, पन्ने वाले पेंडेंड नेकलेस और स्टेटमेंट जूलरी के साथ पूरा किया। जैसे ही करीना कपूर खान ने अपना ये लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया।



मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ आ रहा है वापस

ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज, लगेगा मनोरंजन का मेला

नई दिल्ली। दिवाली के बाद अब ओटीटी पर धमाका होने वाला है। त्यौहार के सीजन के बाद बिल्कुल भी बोरियत नहीं होगी, क्योंकि इस हफ्ते घर बैठे आप कई फिल्मों और शोज का आनंद ले सकते हैं।

पारिवारिक मनोरंजन

पंकज त्रिपाठी और अदिती राव हैदरी स्टारर पारिवारिक मनोरंजन इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 13 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

बांद्रा

एक उभरता हुआ फिल्म निर्माता 1990 के दशक की बॉलीवुड स्टार तारा जानकी (तमन्ना भाटिया) की संदिग्ध मौत की जांच करता है। फ्लैशबैक के जरिए हमें पता चलता है कि वह अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक क्रूर प्रोड्यूसर के चंगुल से बचकर केरल भाग गई थी, जहां उसने आला (दिलीप) नाम के एक प्रभावशाली व्यवसायी के यहां शरण ली थी। यह फिल्म 13 नवंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।



इथोस सीजन 2

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ वापस आ रहा है, जो पहले सीजन की घटनाओं के छह साल बाद की कहानी दिखाते हैं। यह अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले उन लोगों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिनकी राहें अनजाने में एक-दूसरे से टकराती हैं और जिनकी कहानियां एक थेरेपी रूम में आकर मिलती हैं। यह सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

द एंप्रेस सीजन 3

लोकप्रिय हिस्टोरिकल ड्रामा द इंप्रेस का तीसरा सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस सीजन में टोटल 6 एपिसोड होंगे।

जेलर 2 : रजनीकांत की जेलर 2 थिएटर के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। कहानी केरल में छिपे बैठे रिटायर्ड जेलर 'टाइगर' मुथुवेल पांडियन को तब बाहर आना पड़ता है, जब मूर्तियों की तस्करी करने वाला एक बेरहम गिरोह उसके पीछे पड़ जाता है। अपने परिवार को बचाने के लिए, वह इस गिरोह के कामकाज को निशाना बनाता है और गोवा के ताकतवर 'कल्पक' क्राइम परिवार का सामना करने के लिए अपने पुराने साथियों के साथ हाथ मिला लेता है। फिल्म 12 नवंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 3

एरेगियन के पतन के पांच साल बाद, मिडिल-अर्थ युद्ध की चपेट में है, क्योंकि सौरॉन की सेनाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। खजाद-डूम, लिंडन और रिवेंडेल अपने तीन रिंग्स की सुरक्षा में हैं और ये उन कुछ गढ़ों में से हैं जो डार्क लॉर्ड और उसकी पूरी तरह से जीत के बीच अभी भी डटे हुए हैं। सीजन 3 प्राइम वीडियो पर 11 नवंबर को रिलीज होगा।

ब्लाइंड गेम

जब एक दोस्त की नाकाम डकैती और एक आत्महत्या कई परेशान करने वाले सवाल खड़े कर देते हैं, तो सस्पेंड हो चुके ऑफिसर सिकंदर सिंह खुद को लालच और धोखे के एक खतरनाक जाल में फंसा हुआ पाते हैं। मनाली में सेट यह सस्पेंस थ्रिलर सिकंदर की कहानी है, जो गायब हुए खजाने का पता लगाने और इस रहस्य के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को बेनकाब करने के मिशन पर निकलता है। यह फिल्म जी5 पर 11 नवंबर को रिलीज होगी।

खबर संक्षेप

हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने जिले के गांव मिठनपुरा ऐलनाबाद क्षेत्र से बाइक सवार युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस की टीम गश्त व चेकिंग के दौरान ऐलनाबाद से होते हुए गांव मिठनपुरा की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव मिठनपुरा के नजदीक पंहची तो सामने से बाइक सवार युवक आता दिखाई दिया। उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखते ही अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने शक के आधार पर बाइक सवार युवक को काबू किया।

वित्तीय साक्षरता कैंप व जमाकर्ताओं का सम्मान

रतिया। दी फतेहाबाद केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा रतिया में नाबार्ड के सहयोग से वित्तीय साक्षरता कैंप व जमाकर्ताओं के सम्मान हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक शालू राम द्वारा वित्तीय साक्षरता कैंप बारे जानकारी दी और बचत बैंकिंग और निवेश को समझदारी से अपनाएं और डिजिटल जागरूकता के बारे में बताया गया तथा कार्यक्रम में आए जमाकर्ताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बैंक प्रबंधक मेजर सिंह द्वारा आए जमाकर्ताओं, अतिथियों का धन्यवाद किया।

बैठक में मैराथन से जुड़ी विभिन्न तैयारियों पर की चर्चा

कालांवाली में होगी यूथ मैराथन सीएम नायब होंगे मुख्यातिथि

- जरूरी इंतजामों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

कालांवाली में 22 नवंबर को प्रस्तावित यूथ मैराथन के आयोजन को लेकर एसडीएम मोहित कुमार ने एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मैराथन के आयोजन से जुड़ी विभिन्न तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कालांवाली में होने वाली यूथ मैराथन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे।

एसडीएम मोहित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यूथ मैराथन में हर आयु वर्ग के नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न संस्थाओं की अधिक से अधिक भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने मैराथन के रूट, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, टेंट, मंच, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था, फोटोग्राफी सहित अन्य जरूरी इंतजामों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मैराथन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और अपने-अपने विभाग से संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी समय रहते निर्धारित करें।



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ेगी जागरूकता

एसडीएम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान प्रतिभागियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. पवन, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुमित्रा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हरीश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

खेल जीवन में अनुशासन की भावना को करते हैं मजबूत: शर्मा

- गांव नटार में क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित शर्मा गांव नटार में ग्राम पंचायत की ओर से आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि शामिल हुए। मोहित शर्मा ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, मेहनत और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए, क्योंकि खेल में हार-जीत लगी रहती है और ये सिक्के के दो पहलू हैं।



सिरसा। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मोहित शर्मा।

उन्होंने कहा कि हार मिलने पर कभी घबराना या हतोत्साहित नहीं होना चाहिए, बल्कि अपनी कमियों को सुधारते हुए आगे बढऩा चाहिए। इस मौके पर मोहित शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को 31 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर मोहित शर्मा ने क्लब को अपनी ओर से 7,100 रुपये की सहयोग राशि भेंट की।

भाईचारा टैक्सी स्टैंड यूनियन का पुनर्गठन, पप्पल अरोड़ा बने प्रधान

रतिया। टोहाना रोड स्थित भाईचारा टैक्सी स्टैंड पर टैक्सी चालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यूनियन का पुनर्गठन करते हुए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें पप्पल अरोड़ा को प्रधान तथा

- मंगा सोनी को उप प्रधान चुना गया

मंगा सोनी को उप प्रधान चुना गया। बैठक के दौरान कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राजू मेहता, बाबा कृष्ण, सोनू गुर्जर, गुरदीप सिंह संधू और अमर सिंह को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। नवनियुक्त प्रधान पप्पल अरोड़ा ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि साथियों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि टैक्सी चालकों के हितों की रक्षा के लिए यूनियन सदैव तत्पर रहेगी और स्टैंड से जुड़ी हर छोटी-बड़ी समस्या का संबंधित अधिकारियों से मिलकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा।



रतिया। भाईचारा टैक्सी स्टैंड यूनियन के पदाधिकारियों को बधाई देते सदस्य।

मार्केट कमेटी चेयरमैन ने किया अलीका और नागपुर खरीद केन्द्रों का निरीक्षण

रतिया। रतिया मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार मेहता ने अलीका और नागपुर स्थित खरीद केंद्रों का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में चल रही धान एवं अन्य फसलों की खरीद प्रक्रिया और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के समय उनके साथ मार्केटिंग बोर्ड के मंडी सुपरवाइजर भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान चेयरमैन राजकुमार मेहता ने खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, पेयजल प्रबंधों, साफ-सफाई, किसानों के बैठने की व्यवस्था और फसल खरीद से जुड़े अन्य सभी जरूरी इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद विभागीय कर्मचारियों से अब तक हुई खरीद और आवक के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। चेयरमैन राजकुमार मेहता ने कहा कि अन्नदाता किसानों को अपनी मेहनत की फसल बेचने के दौरान किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पडऩा चाहिए। मंडियों में किसानों को हरसंभव सहूलियतें मुहैया करवाना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए तथा पूरी खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सुचारू ढंग से संचालित किया जाए।

- मंडियों में चल रही धान एवं अन्य फसलों की खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली



रतिया। खरीद केन्द्रों का दौरा करते मार्केट कमेटी चेयरमैन।

जय मां सरस्वती सेवा समिति का छठ पूजन समारोह 15 को

सिरसा। जय मां सरस्वती सेवा समिति सिरसा की ओर से 18वें विशाल छठ पूजन समारोह का आयोजन 15 नवंबर 2026, रविवार को श्रद्धा एवं धूमधाम से किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समिति सदस्यों की बैठक संस्थापक मुन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक आयोजन को लेकर समिति की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। संस्थापक ने बताया कि 13 नवंबर को नहाय-खाय व 14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर की शाम को संध्या अघ्र्य व 16 नवंबर को सूर्य को अघ्र्य दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह का आयोजन रविवार को सायं 3.15 बजे हिसार रोड स्थित दिल्ली पुल सिरसा पर किया जाएगा। कार्यक्रम में सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया मुख्यातिथि होंगे जबकि समिति के संरक्षक दयानंद शर्मा अध्यक्षता करेंगे। साथ ही युवा कांग्रेस नेता कर्ण चावला व पार्षद रणधीर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। इस मौके पर भजन संध्या भी आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार प्रमोद अकेला, अमरेश भोजपुरिया भजनों की प्रस्तुति देंगे।

योगासन में एसएस गर्ल्स स्कूल-कॉलेज की बेटियों ने किया शानदार प्रदर्शन, जीते 18 पदक किए हासिल

- 12 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शहीद भगत सिंह खेल परिसर में आयोजित छठी जिला स्तरीय योगासन चैंपियनशिप में शाह सतनाम जी गल्र्स स्कूल व कॉलेज की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर स्कूल व कॉलेज की 12 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

सब-जूनियर वर्ग में स्नेहा लाठर ने एक स्वर्ण और एक कांस्य, वसुंधरा ने एक स्वर्ण, रीना ने दो स्वर्ण तथा रूहप्रीत ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। सिमरन व खुशी ने प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की।

जूनियर वर्ग में कायना नारंग ने एक स्वर्ण, आरजू ने एक स्वर्ण, कर्मदीप ने दो स्वर्ण, सिमरनदीप ने एक कांस्य और जसप्रीत ने एक स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं गुरलीन और यशमीन ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सीनियर वर्ग में जीएफबी दिलप्रीत इन्सां ने एक स्वर्ण और एक रजत, निशा रानी ने एक स्वर्ण तथा मनप्रीत कौर ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। सिमरन ने प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शीला पूनिया, कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गीता मोंगा और डॉ. रिशू तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सिरसा। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

जुआरियों के अड्डे पर पुलिस की रेड, 14 जुआरी गिरफ्तार

- 1 लाख 93 हजार 290 रुपये की नकदी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शहर में जुआ खेलने और खिलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रंगड़ी रोड स्थित एक मकान पर छापा मारकर 14 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ सिरसा की टीम ने मौके से 1 लाख 93 हजार 290 रुपये की नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। सीआईए स्टाफ सिरसा प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सीआईए सिरसा पुलिस की एक टीम गश्त और चेकिंग के दौरान गौशाला मोहल्ला से शिवपुरी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि रंगड़ी रोड के नजदीक एक टेंट हाउस के पास बने मकान में कुछ लोग ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी और जुआ खेल रहे सभी 14 लोगों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 1,93,290 रुपये की नकदी और ताश के पत्ते बरामद हुए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहताश, गुरमीत सिंह, बलविंद्र सिंह, रोहित कुमार, विजय, राकेश, प्रवीन कुमार, विनोद कुमार, कृष्ण चंद, राम गौतम शर्मा, नरेंद्र, संदीप, अरुण व ओमप्रकाश के रूप में हुई है। इनमें अधिकांश आरोपी गौशाला मोहल्ला सिरसा के रहने वाले हैं, जबकि कुछ आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं।



सिरसा। पुलिस की गिरफ्त में जुआराशि के साथ पकड़े गए आरोपी।

लायंस क्लब के मां की रसोई में लंगर में 400 लोगों ने लिया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

लायंस क्लब की ओर से नरेश मैहता के जन्मदिवस के अवसर पर 'मां की रसोई' में जरूरतमंदों की सेवा के लिए लंगर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में शहर के गणमान्य लोगों और क्लब सदस्यों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस दौरान लगभग 400 जरूरतमंद लोगों ने लंगर ग्रहण कर भोजन का आनंद लिया। क्लब के सदस्यों ने नरेश मैहता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सदस्यों ने आह्वान किया कि अपने जीवन के हर विशेष दिवस को इस प्रकार के सेवा कार्यों से यादगार बनाना चाहिए। जरूरतमंदों को भरपेट भोजन करवाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, जिससे एक तरफ जहां बेसहारा लोगों की भूख मिटती है, वहीं दूसरी तरफ व्यक्ति को आत्मिक और मानसिक संतुष्टि का अनुभव होता है। मां की रसोई के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार राजू ने बताया कि इस रसोई में शहरवासियों के खुले सहयोग से प्रतिदिन नियमित रूप से लंगर का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन जरूरतमंदों को भरपेट और सात्विक भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी शिव सोनी, क्लब प्रधान कपिश गुप्ता, लाल सिंह, नरेश मैहता, सुरेश मैहता, राकेश मैहता, मोहन लाल, विश्वास, गोल्डी, तजिंदर ग्रोवर और जनक राज सिंगला आदि मौजूद रहे।

- क्लब के सदस्यों ने नरेश मैहता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का गुरता गद्दी दिवस पर धार्मिक समागम आज

- रागी तिरलोक सिंह का जत्था गुरबाणी के मनमोहक शब्द कीर्तन से संगत को निहाल करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन गुरता गद्दी दिवस को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाने के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा ट्रस्ट रतिया की ओर से गुरुद्वारा पुराना बाजार में विशेष धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 9 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किया गया, जिसका भोग 11 नवंबर को श्रद्धापूर्वक डाला जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान जरनैल सिंह ने बताया कि 11 नवंबर को गुरता गद्दी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष गुरमत समागम आयोजित होगा। इस दौरान रागी तिरलोक सिंह का जत्था गुरबाणी के मनमोहक शब्द कीर्तन से संगत को निहाल करेगा। वहीं कथावाचक गुरबाणी कथा के माध्यम से संगत को गुरु साहिब की शिक्षाओं से जोड़ेंगे। धार्मिक समागम के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव गुरचरन सिंह ने कहा कि सिख धर्म के दसवें पातशाह साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने वर्ष 1708 में नांदेड़ की पावन धरती पर ज्योति-जोत समाने से पहले संगत को आदेश दिया था कि आज के बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी ही सिखों के शाश्वत गुरु होंगे। गुरु साहिब ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को गुरता गद्दी प्रदान कर समस्त सिख संगत को शब्द गुरु के चरणों से जोड़ दिया।



रतिया। कार्यक्रम बारे जानकारी देते श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा ट्रस्ट सदस्य।

श्रद्धा के साथ मनाया विश्वकर्मा दिवस



सिरसा। भगवान विश्वकर्मा दिवस पर ऑटो मार्केट स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शहर के हजारों श्रद्धालुओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, मिस्त्रियों और कारीगरों ने भाग लेकर भगवान विश्वकर्मा के समक्ष शीश नवाया तथा सुख-समृद्धि और कारोबार में उन्नति की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर कमेटी के प्रधान अनिल बांगा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर परिवार एवं समाज की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की।

सखी डराने-धमकाने वाले संदेश पोस्ट करने वालों पर भी होगी कानूनी कार्रवाई

सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड करने वाले पुलिस की रडार पर: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों के साथ फोटो डालकर खुद को दबंग दिखाने और समाज में रौब जमाने पुलिस की रडार पर हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को ऐसे लोगों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साइबर सेल भी सोशल मीडिया पर इस तरह की गतिविधियों पर नजर रख रही है। एसपी दीपक सहारण ने मंगलवार को बताया कि कुछ लोगों में सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालकर अपना रुतबा दिखाने का चलन बढ़ रहा है। कई लोग एक-दो नहीं, बल्कि कई हथियारों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं। इसके बाद लाइक और कमेंट के सहारे इलाके में अपनी धाक जमाने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग तो हथियारों के साथ डराने-धमकाने वाले संदेश भी पोस्ट करते हैं, जो कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हथियार लाइसेंसी हो या गैर लाइसेंसी, उसका गलत इस्तेमाल अथवा कानून का उल्लंघन करते हुए सार्वजनिक प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर आमजन में भय पैदा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में मुकदमा दर्ज करने के साथ संबंधित व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस रद्द करवाने के लिए भी सक्षम अधिकारी को रिपोर्ट भेजकर लाईसेंसी हथियार कैंसिल करवाने की सिफारिस की जाएगी।



एसपी दीपक सहारण।

किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा

एसपी ने कहा कि पुलिस की नजर केवल हथियारों के साथ फोटो और वीडियो डालने वालों पर ही नहीं, बल्कि ऐसी आपत्तिजनक पोस्ट को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों पर भी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करके युवाओं को प्रभावित करने और उन्हें आपराधिक गतिविधियों की ओर ले जाने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

खबर संक्षेप

पूर्ण सोसायटी ने बच्चों को बांटे दिवाली गिफ्ट

फतेहाबाद। पूर्ण सोसायटी द्वारा दीपावली का पर्व जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटकर मनाया। सोसायटी की टीम ने लघु सचिवालय के सामने स्थित स्लम बस्ती के बच्चों के बीच पहुंचकर यहां दीपावली पर्व अनोखे ढंग से मनाया। पूर्ण सोसायटी के प्रेजिडेंट सन्नी बंसल व युनिट प्रेजिडेंट पायल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सभी बच्चों व टीम सदस्यों ने यहां शहीदी स्मारक पर दीप प्रज्जवलित किए तथा बच्चों को मिठाईयां आदि बांटी। पायल चक्रवर्ती ने बच्चों को दीपावली पर्व का महत्व बताया और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया।

जिले में 318063 मीट्रिक टन धान की खरीद

सिरसा। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गत दिवस तक कुल 3,18,063 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 92,981 मीट्रिक टन, हैफेड ने 1,55,468 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 69,614 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं, मंडियों से अब तक कुल 2,27,354 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि धान खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 42,176 किसान लाभान्वित हुए हैं।

गोविंदपुरा में संत सम्मेलन 18 को

सिरसा। श्री शनिदेव केयर अर्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में श्री शनिदेव महाराज की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में 18 नवंबर को श्री शनिदेव मंदिर, गोविंदपुरा में संत सम्मेलन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के निदेशक हरमेश लाल ने बताया कि आयोजन के तहत प्रातः 9 बजे से लंगर भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जबकि संत सम्मेलन प्रातः 10.15 बजे से प्रारंभ होगा। सम्मेलन में विभिन्न संत-महात्मा धर्म, अध्यात्म, मानवता, सद्भाव और समाज कल्याण से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। हरमेश लाल ने बताया कि श्री शनिदेव केयर अर्थ फाउंडेशन की ओर से किसानों को जहर मुक्त खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी।

दिवाली पर व्यापार मंडल ने चौकीदारों को बांटे उपहार

फतेहाबाद। दीपावली के उपलक्ष्य में व्यापार मंडल द्वारा अनाजमंडी में काम करने वाले चौकीदारों को मिठाईयां व आगामी सर्दी से बचाव के लिए गर्म कम्बल, नकद उपहार अन्य सामान वितरित किए गए। व्यापार मंडल प्रधान रमेश तनेजा ने कहा कि चौकीदार अपनी मेहनत व लगन के साथ मंडी की सुरक्षा सेवा में जुटे रहते हैं, इसलिए इनका मान सम्मान करना सबका फर्ज हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल के जुड़े कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश जिंदल, उपप्रधान कृष्ण कुमार गढ़वाल, सचिव बागराम सरपंच, सहसचिव सुरजीत कम्बोज सहित अन्य मौजूद रहे।

पंचधातु के बर्तनों में चूल्हे की आंच पर तैयार हुई बाजरे की खिचड़ी और अन्य प्रसाद

अन्नकूट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्री श्याम मंदिर में 90 क्विंटल का महाभंडारा

- मिट्टी के झांकरों में सात दिन रखी लस्सी से बनी कढ़ी बनी आकर्षण का केंद्र
- 56 भोग के साथ तैयार हुआ छप्पन भोग जैसा महाप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गोवर्धन पूजा के अवसर पर शहर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं की ओर से आयोजित भंडारों में श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। कहीं बाजरे की खिचड़ी और कढ़ी की खुशबू ने लोगों को आकर्षित किया तो कहीं पंचमेल सब्जी, देसी घी का हलवा और पूरियों का महाभोग तैयार किया गया। फतेहाबाद शहर में विभिन्न स्थानों पर करीब 200 क्विंटल अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया। पुरानी तहसील रोड स्थित श्री श्याम मंदिर की ओर से श्रीराम सेवा समिति चिल्ली वाली धर्मशाला में आयोजित भंडारे मंर अकेले 90 क्विंटल प्रसाद तैयार कर वितरित किया गया। वहीं रतिया के श्री श्याम मंदिर में भी 40 क्विंटल अन्नकूट प्रसाद का महाभोग तैयार किया गया।

सात दिन पहले से शुरू हो जाती है तैयारी

श्री श्याम मंदिर के भंडारे की सबसे खास बात प्रसाद तैयार करने की पारंपरिक विधि रही। यहां अन्नकूट का प्रसाद एक-दो दिन में नहीं, बल्कि कई दिन पहले से तैयारियों के बाद बनाया जाता है। मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि कढ़ी के लिए लस्सी अन्नकूट से करीब सात दिन पहले ही एकत्रित करनी शुरू कर दी जाती है। इसे मिट्टी के बड़े बर्तनों, जिन्हें झांकर कहा जाता है, में रखा जाता है। मिट्टी के इन बर्तनों में लस्सी रखने से उसमें प्राकृतिक खटास और खास खुशबू विकसित होती है, जिससे कढ़ी का पारंपरिक स्वाद अलग ही बनता है। इसी तरह बाजरे की खिचड़ी के लिए चार दिन पहले से बाजरे को कखल-मुस्सल से कूटने की प्रक्रिया शुरू की जाती है।





फतेहाबाद। अन्नकूट भंडारे में प्रसाद वितरित करते श्यामभक्त। फोटो : हरिभूमि

छप्पन भोग महाप्रसाद

अन्नकूट के अवसर पर ठाकुर जी को 56 भोग अर्पित किए गए। इसमें कढ़ी-बाजरा, पंचमेल सब्जी और गोभी सहित विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया। प्रसाद में बाजरे की खिचड़ी, पकौड़ी वाली कढ़ी, सूजी का हलवा, पंचमेल सब्जी, टिंडा-फली, पुलाव, पूरी, आलू-गोभी की सब्जी, खट्टा-मीठा पेठा और मूली का लच्छा सहित अनेक व्यंजन तैयार किए गए। इसके अलावा तले हुए पापड़ भी प्रसाद का हिस्सा रहे। 90 क्विंटल प्रसाद तैयार करने में मंदिर से जुड़े सेवादारों और श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। प्रसाद वितरण शुरू होने से पहले ठाकुर जी को भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा खोला गया।

बर्तन और टिफिन लेकर पहुंचे श्रद्धालु

इस भंडारे की एक खास परंपरा यह भी है कि श्रद्धालु भंडारा स्थल पर बैठकर प्रसाद ग्रहण नहीं करते, बल्कि अपने घर लेकर जाते हैं। इसके लिए लोग अपने साथ टिफिन, बाल्टियां और अन्य बर्तन लेकर पहुंचते हैं। कतारबद्ध होकर श्रद्धालु अपने और परिवार के सदस्यों के लिए प्रसाद लेकर जाते हैं। मान्यता है कि दीपावली के दिन पूजा-पाठ और त्योहार की तैयारियों में परिवार के लोग काफी व्यस्त रहते हैं। अगले दिन विश्वकर्मा दिवस भी होता है। ऐसे में अन्नकूट के दिन तैयार भोजन घर ले जाकर पूरे परिवार के साथ ग्रहण करने की परंपरा निभाई जाती है।

श्याम मंदिर में 40 क्विंटल प्रसाद वितरित

रतिया के श्री श्याम मंदिर की ओर से भी अन्नकूट महोत्सव पर 40 क्विंटल प्रसाद तैयार किया गया। मंदिर के प्रमुख सेवादार रिंकू सिंगला ने बताया कि इस बार प्रसाद में पकौड़ी वाली कढ़ी, पंचमेल मिक्स सब्जी, बाजरे की खिचड़ी, देसी घी का हलवा और पूरी का महाभोग तैयार किया गया। दर्जनों सेवादारों ने मिलकर प्रसाद बनाने की सेवा की। सबसे पहले श्री श्याम बाबा को भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण शुरू हुआ। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शंकर बंसल, गौरव बंसल, मनोज अग्रवाल, कमल वर्मा सहित मंदिर व समिति के अनेक सदस्य मौजूद रहे।



सिरसा। श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद वितरित करते हुए।

श्रद्धा के साथ मनाया अन्नकूट

सिरसा। रानियां रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्याम परिवार की ओर से अन्नकूट एवं गोवर्धन पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर व पटेल बस्ती स्थित खाटू श्याम मंदिर में अन्नकूट प्रसाद वितरण कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्याम बाबा का भव्य एवं आलौकिक श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। काफी संख्या में श्याम श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा के दरबार में शीश नवाया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित रामशरण व उमेश द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ करवाया गया। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन भगवान की पूजा की और ज्योत प्रज्जवलित की। गोवर्धन भगवान को दूध से स्नान करवाकर विधिवत पूजन किया गया तथा 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। उधर, नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर व पटेल बस्ती में भी में अन्नकूट प्रसाद वितरण कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए और बाजरी के खीचड़ी व कढ़ी का प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहणकर बाबा श्याम के दरबार में माथा टेका और अपने परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

बीघड़ में ठेका फूंकने के आरोपी गिरफ्तार

- शराब के रेट को लेकर हुआ था विवाद, आरोपी ने सेल्समैन ईंट मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव बीघड़ में शराब के ठेके पर मामूली कहासुनी के बाद पेट्रोल छिडक़कर आग लगाने और सेल्समैन पर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशोक कुमार उर्फ बल्लू पुत्र राजाराम निवासी गांव बीघड़, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित ने बताया कि इस संबंध में हिसार जिले के गांव खेदड़ निवासी सत्यवान ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह गांव बीघड़ स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर बतौर सेल्समैन कार्यरत था। गत 26 अगस्त को आरोपी अशोक उर्फ बल्लू शराब खरीदने के लिए ठेके पर आया था। इस दौरान शराब की कीमत को लेकर सेल्समैन और आरोपी के बीच कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद आरोपी गुस्से में वहां से चला गया था। पीड़ित सेल्समैन ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि इस घटना के अगले दिन यानी 27 अगस्त की सुबह करीब 6:30 बजे जब उसने शराब का ठेका खोला, तो आरोपी अशोक प्लास्टिक की बोतल में पेट्रोल भरकर वहां पहुंच गया। आरोप है कि उसने ठेके के अंदर पेट्रोल छिडक़कर आग लगा दी और सेल्समैन के ऊपर भी पेट्रोल उड़ेल दिया। इसके बाद आरोपी ने घबराने के लिए जेब से चाकू निकाल लिया और हमला कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बचा।



फतेहाबाद। शराब ठेके पर आग लगाने के मामले में गिरफ्तार युवक।

पुलिस ने कांरिदे को अस्पताल पहुंचाया

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की डायल-112 टीम तुरंत मौके पर पहुंची और लहूलुहान हालत में घायल सेल्समैन को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल फतेहाबाद पहुंचाया। पीड़ित के बयान के आधार पर थाना सदर फतेहाबाद में गत 2 सितंबर को मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित ने बताया कि पुलिस टीम ने तकनीकी व पुख्ता सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी अशोक उर्फ बल्लू को दबोच लिया है।

पॉयनियर स्कूल की तीन छात्राओं ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा पास की

- प्रधानाचार्या गीतिका मेहता ने मेधावी बच्चों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पॉयनियर स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, परिश्रम और लगन का परिचय देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सफलता का नया अध्याय लिखा है। अक्टूबर में आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा के घोषित परिणामों में विद्यालय के वाणिज्य संकाय के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने प्रथम प्रयास में ही शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या गीतिका मेहता ने बताया कि विद्यालय की छात्रा तनिषा ने 246 अंक, अंशू ने 230 अंक तथा डलिषा बजाज ने 225 अंक प्राप्त कर सीए फाउंडेशन की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की है। तीनों विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि इन तीनों विद्यार्थियों ने इसी वर्ष मार्च 2026 में कक्षा 12वीं की वाणिज्य संकाय की परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। डलिषा बजाज ने 94.6 प्रतिशत, अंशू ने 94.4 प्रतिशत तथा तनिषा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया था।



फतेहाबाद। पॉयनियर के तीनों विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

रिकॉर्ड खरीदारी ने दिखाई मजबूत अर्थव्यवस्था की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

धनतेरस के अवसर पर देशभर के बाजारों में देखने को मिली जबरदस्त रौनक और रिकॉर्ड खरीदारी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए डॉ. सागर केहरवाला ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर और डूबती हुई बताने वालों को देश के बाजारों के आंकड़ों से जवाब मिल गया है। उन्होंने कहा कि धनतेरस पर लोगों ने जिस उत्साह के साथ सोना-चांदी, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं की खरीदारी की है, वह देश की अर्थव्यवस्था में उपभोक्ताओं के विश्वास और बाजार की सक्रियता को दर्शाता है। केहरवाला ने कहा कि व्यापारिक संगठनों के आंकड़ों के अनुसार धनतेरस पर देशभर में लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ, जिसमें करीब 66 हजार करोड़ रुपए का व्यापार अकेले सोने-चांदी के क्षेत्र में हुआ। दिल्ली के सर्राफा बाजार में भी 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार का दावा किया गया है। इन आंकड़ों से त्योहारी सीजन में बाजारों की मजबूत गतिविधियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता लगातार देश की अर्थव्यवस्था को लेकर नकारात्मक बयानबाजी करते हैं।

अराजकता और दबाव की राजनीति से सत्ता परिवर्तन संभव नहीं: शीशपाल

- भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कंबोज ने विपक्ष पर जड़े आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां

देश में राजनीतिक विरोध के नाम पर अराजकता फैलाने और दबाव की राजनीति के जरिए सत्ता परिवर्तन की कोशिशों पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शीशपाल कंबोज ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सत्ता किसी आंदोलन, प्रदर्शन या राजनीतिक दबाव से नहीं, बल्कि जनता के वोट से बदलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जाएंगे। नेतृत्व परिवर्तन की बातें करने वालों को यह समझ लेना चाहिए कि 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद भी नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा नेता शीशपाल कंबोज मंगलवार को रानियां की अनाज मंडी में बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन का अधिकार केवल जनता के पास है। चुनाव में जनता अपने मताधिकार से सरकार चुनती है। विपक्ष को सरकार की नीतियों का विरोध करने और अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता फैलाने और राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिशों से सत्ता परिवर्तन नहीं हो सकते।



रानियां। बैठक को संबोधित करते भाजपा नेता शीशपाल कंबोज।

हैप्पी कौर ने उत्तीर्ण की नेट की परीक्षा

सिरसा। सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा हैप्पी कौर ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित जेआरएफ नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफेसर व शोध कार्य के लिए पात्रता हासिल की है। महाविद्यालय की प्राचार्या अंशु उप्पल ने हैप्पी कौर को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यू.जी.सी. नेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करना छात्रा की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। वास्तव में, यदि लक्ष्य अर्जुन की भांति संकल्पबद्ध हो तो हर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। विद्यार्थियों को सदैव अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव और अथक प्रयास करते रहना चाहिए। तभी सजग रहकर श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हैप्पी कौर की यह उपलब्धि महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। पंजाबी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नछत्तर सिंह एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनिया ने हैप्पी कौर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सिरसा। प्राचार्य अंशु उप्पल के साथ छात्रा हैप्पी कौर।

कार से टक्कर मारने के आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। रतिया रोड पर स्थित एफसीआई गोदाम के पास मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को कार से टक्कर मारकर नीचे गिराने और फिर डंडों व लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट करने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रवीण कुमार उर्फ जुगनी पुत्र रमेश कुमार निवासी भाटिया कॉलोनी, फतेहाबाद तथा राकेश पुत्र अनिल कुमार निवासी गांव चौबारा, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में अग्रवाल कॉलोनी निवासी प्रिंस कुमार उर्फ बच्ची ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि गत एक जुलाई दोपहर को वह अपने दो दोस्तों सौरभ उर्फ छोटी और भूप सिंह उर्फ भूप जाट के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रतिया चुंगी की ओर जा रहा था। एफसीआई गोदाम के पास पहुंचे, तो पीछे से तेज रफ्तार से आई एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

रजाबाद के ग्रामीणों ने प्रशासन से की तुरंत कार्रवाई की मांग

20 एकड़ पंचायती जमीन पर कब्जे को लेकर डीसी से मिले ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव रजाबाद में 20 एकड़ पंचायती जमीन में हो रहे अवैध कब्जे को लेकर गांव में तनावपूर्ण माहौल है। इसके बाद मंगलवार सुबह सरपंच गुरभेज सिंह रंधावा के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण अवैध कब्जा रूकवाने को लेकर डीसी विवेक भारती के सामने आकर कब्जा रोकने व अवैध कब्जा करने वालो पर कार्यवाही की मांग की।

सरपंच गुरभेज सिंह, पूर्व सरपंच किरणपाल चंदेल, सुखविन्द्र, पंच दिलप्रीत, संजीव सहारण, गुरमन, वीरेन्द्र सिंह, परमिंदर सिंह, महिन्द्र सिंह, बलदेव, चरणजीत सिंह, त्रिलोचन गग्गू, शिवकुमार, संजू, संतोख सिंह, सुखविन्द्र, चरणजीत नंबरदार, बग्गा सिंह, मक्खन सिंह, सोहन सिंह ने बताया की उनके गांव रजाबाद की लगभग 20 एकड़ जमीन का काफी सालों से अदालत में केस चल रहा है। हालांकि इस जमीन को 2025 तक ग्राम पंचायत रजाबाद हर साल पट्टे पर देती रही है। यह जमीन जुमला मालकान की है इसलिए इस जमीन पर एक व्यक्ति कभी भी काश्त नहीं कर सकता। कोर्ट में केस जीतने का हवाला देकर पूर्व सरपंच देवेन्द्र सिंह के परिवार ने दीपावली त्यौहार का मौका देखकर इसकी अवैध रूप से जुताई कर दी।



फतेहाबाद। डीसी से मिलने पहुंचे गांव रजाबाद के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सरपंच ने डीसी को कहा की कोई भी कब्जा

मैजिस्ट्रेट नियुक्त करवाने के बाद होती हैं। छुट्टी का दिन देखकर इन्होंने खेत की जुताई कर दी है। जिसके बाद गांव के लोगों को भारी रोष है और श्मशान भूमि का रास्ता भी पूरी तरह से बाधित है। सरपंच ने कहा कि अगर ऐसे कोई जमीन कब्जा लेगा तो पंचायत के आमदनी कैसे होगी। इसके बाद डीसी विवेक भारती ने एसडीएम राजेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह और डीआरओ को इस मामले में निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। और जब-तक कोई फैसला नहीं हो जाता तब तक कोई भी व्यक्ति जमीन में दखल नहीं करेगा, जिसके बाद ग्रामीण संतुष्ट हुए हैं।

रिकॉर्ड चेक करने के बाद करेंगे कार्रवाई

रजाबाद में पंचायती जमीन को लेकर जो मामला चल रहा है। उसमें मैंने अधिकारियों को आदेश दे दिए हैं। जुमला मालकान की जमीन पर एक व्यक्ति काबिज नहीं हो सकता फिर भी कागजात और रिकार्ड देखकर आगामी फैसला लिया जाएगा।

-विवेक भारती, डीसी, फतेहाबाद